भारतीय जनता पार्टी – जिला नौएडा महानगर

विनोद शर्मा
(जिला मिडिया प्रभारी)

कार्या0ः शर्मा मार्किट चौडा,
सै0–22 नौएडा(उ.प्र0)
मो.नं. : 9811810488
E-mail: vinod4bjp@gmail.com

दिनांक : 31.07.2016

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 31.07.2016 को एवीयर एजूकेशन हब सैक्टर 62 नोएडा में चल रहे दो दिवसीय भाजपा प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र में केन्द्रीय राज्यमंत्री डा. महेश शर्मा के द्वारा अध्यक्षता की गयी और मुख्य वक्ता श्री सुनील बंसल जी प्रदेश महामंत्री (संगठन) के रूप में उपस्थित रहे और क्षेत्रीय विधायक श्रीमती विमला वाथम, नौएडा महानगर अध्यक्ष राकेश शर्मा मंच पर उपस्थित रहे। अध्यक्ष डा. महेश शर्मा जी द्वारा संगठन का जीवन परिचय व पार्टी के आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन किया और कहा कि पार्टी मिलकर आगामी आने वाले सभी कार्य को पूर्ण करेगी और मुख्य वक्ता को आमंत्रित किया। मुख्य वक्ता सुनील बंसल जी ने कहा कि भाजपा व उसका संगठन सत्ता में आने के लिए लालायित नही रहते इस संगठन का मुख्य धेय सत्ता में आकर देश सेवा करना है और समाज में एक बदलाव लाना है और पुनः नये भारत का निर्माण करना है। हमें विचार करना है कि हम अपने विचारों से अच्छे कार्यकर्ताओं का निर्माण करें, संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आगे बढ़े और सम्पर्क कर नये व्यक्तित्व एवं व्यक्तियों को साथ जोडते हुए आगे बढ़े और उसमें कार्यकर्ता अपनी प्रमुख भूमिका निभायें।

परस्परता : एक दूसरे का सहयोग और धीरे चलने वाले को साथ लेकर चना है बडी कार्य में गांधी जी चल रहे है। एक दूसरे के सहयोगी।

संवाद : हमसब पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों में सम्पर्क करें और संवाद के जरिये उनको अपनी बात कहें और सरकार की उपलब्धियों का व्याख्यान करें जितना अधिक से अधिक संवाद करेंगें उतना ही पार्टी को मजबूती प्रदान होगी।

सभी कार्यकर्ताओं को काम और हर काम के लिये कार्यकर्ता को अवसर दिया जायेगा जिससे की पार्टी के सभी कार्यो को जनता तक पहुचाया जा सके और जिन कार्यकर्ताओं को कोई कार्य नही है उनसे मिलकर उनको भी पार्टी के कार्य दिये जाय।

सम्पर्क : सम्पर्क हमारी कार्यपद्वति, हमारी जान है सम्पर्क से हम जुडे. हुए है पहले चिट्ठी निकलती थी जिलाध्यक्ष की सम्पर्क हमारी ताकत है और परिवार हमारा हिस्सा है । हम कार्यकर्ताओं को एक दूसरे के घर आना जाना चाहिए और समाज के हर सुख दुःख में सहभागी होना चाहिए।

बैठक : जिस बैठक से हमारा संगठन चलता है जिला कार्यकारिणी की बैठक हर माह होनी चाहिए अगर नही हो रही है तो उसे नियमित बैठक करनी चाहिए जिसमें जिला मंडल के कार्यकर्ता का स्वरूप होना चाहिए और बैठक अच्छे हो सके इसकी हमें चिन्ता होनी चाहिए। हमें योजनावद्व तरीके से योजना बनाकर पूर्ण योजना कार्य करने चाहिए जिस कार्य पद्वति के आधार पर कार्यकर्ताओं का निर्माण होता है। संगठन सदैव बड़ा होता है व्यक्ति नही ! इसलिए भाजपा संगठन को लेकर सभी कार्य करती है। भाजपा हमेशा सामुहिकता के साथ और 125 करोड़ लोगों को साथ चलती है। केन्द्र में भाजपा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जन जन तक ले जाना है और उसका लाभ सभी वर्गो को मिलें।

इस प्रशिक्षण के दौरान डा. महेश शर्मा, विमला वाथम, राकेश शर्मा, अशोक मोंगा, नवाब सिंह नागर, हरीश चन्द भाटी, लोकेश सिंह विधायक, मनोज गुप्ता, सतेन्द्र सिसौदिया, जुगराज सिंह चौहान, पूनम सिंह, संजय बाली, सतपाल यादव, महेश चौहान, चंदगीराम यादव, युद्ववीर सिंह चौहान, सुशील शर्मा, सुनील यादव, धर्मेन्द्र चौहान, विनोद शर्मा, (मीडिया प्रभारी, डिम्पल आनन्द, अन्नू शर्मा, पुनीत शुक्ला, भव्य वैद, नमित वैद, नरेश शर्मा, रामनिवास यादव, चमन अवाना, एस.एम. त्यागी, रानी सिंह, अनिल गुप्ता, प्रमोद बहल, ललित मोहन शर्मा, राजकुमार झा, एस.पी. चमोली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

विनोद शर्मा
मीडिया प्रभारी